चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/4680
दिनांक :- 07.3.2024

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— संस्थान/महाविद्यालय में संचालित पाठयक्रमों की सम्बद्धता हेतु बन्धक प्राभूत की मूल प्रति उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/2671, दिनांक 16.09.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संस्थानों/महाविद्यालयों में संचालित समस्त पाठयक्रमों की पाठयक्रमवार सम्बद्धता हेतु बन्धक प्राभूतों की मूल प्रति एवं रंगीन प्रति सम्बद्धता विभाग में दिनांक 25.09.2023 तक उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय संस्थानों/महाविद्यालयों को छोडकर शेष संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा उपर्युक्त वांछित अभिलेख विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराए गये है। जो कि अत्यन्त खेद का विषय है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप संस्थान/महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठयक्रमों की पाठयक्रमवार सम्बद्धता हेतु बन्धक प्राभूत की मूल प्रति एवं रंगीन प्रति सम्बद्धता विभाग में दिनांक 20.03.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि में वांछित अभिलेख विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराए जाते है तो यह अवधारित किया जाएगा कि आप द्वारा बन्धक प्राभूत को बिना विश्वविद्यालय की अनुमति के अवमुक्त करा लिया गया है, विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित संस्थान/महाविद्यालय को शैक्षिक सत्र 2024—2025 में किसी भी पाठयक्रम में छात्रों के प्रवेश अनुमन्य नहीं किये जाएगे। जिसका समस्त उत्तर दायित्व सम्बन्धित संस्थान/महाविद्यालय का स्वयं का होगा।

भवदीय,

07.03.2024

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)